झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, रांची–834001
प्रेस विज्ञप्ति

पंचम संयुक्त असैनिक सेवा (विज्ञापन सं0–06 / 2013) के साक्षात्कार आयोजन से संबंधित सूचना

पंचम संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–**06 / 2013**) के क्रम में दिनांक–03.11.2015 को प्रकाशित मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल में सफल उम्मीदवारों की सूची एवं साक्षात्कार कार्यक्रम आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है। मुख्य परीक्षा में सफल उम्मीदवारों का साक्षात्कार (viva voce) दिनांक–**01.12.2015** से दिनांक–**14.12.2015** तक आयोजित है।

2. चयनित अभ्यर्थी दिनांक–**12.11.2015** से अपना मुख्य परीक्षा का रौल नं0 एवं जन्म तिथि डालकर साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र (Call Letter) आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** से डाउनलोड कर सकेंगे। यदि कोई अभ्यर्थी अपना बुलावा पत्र डाउनलोड करने में सफल नहीं होते हैं, तो आयोग के Help Desk No. (0651) 2213009 पर कार्यालय अवधि (**10:00** बजे पूर्वाह्न से **06:00** बजे अपराह्न तक) में संपर्क कर सकते हैं अथवा आयोग कार्यालय के पूछताछ काउण्टर पर मुख्य परीक्षा का रौल नं0 एवं जन्म तिथि सहित आवेदन देकर दिनांक–**23.11.2015** से दिनांक–**24.11.2015** तक प्राप्त कर सकेंगे।

3. सेवा अधिमानता विकल्प संबंधित **प्रपत्र–I** (Service Priority Preference) सहित अन्य सूचनाएं आयोग द्वारा विहित जाँच **प्रपत्र–II** (Check List) में स्पष्ट रूप से अंकित कर साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि को अपने साथ लाना अनिवार्य है। सेवा अधिमानता विकल्प प्रपत्र–I एवं विहित जाँच प्रपत्र–II (Prescribed Check List) आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है, जिसे प्रयोगार्थ डाउनलोड किया जा सकता है। विहित **प्रपत्र–I** में Service Priority Preference में क्रमानुसार सभी सेवाओं के लिए अधिमानता अंकित करना आवश्यक होगा।

4. चयनित अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र एवं बुलावा पत्र में उल्लिखित सभी प्रमाण पत्रों / अंक पत्रों एवं Documents यथा जन्म तिथि / शैक्षणिक / जाति / विकलांगता से संबंधित प्रमाण पत्रों को मूल रूप में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। साथ ही संदर्भित प्रमाण पत्रों / अंक पत्रों / अभिलेखों का दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं दो रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ अवश्य साथ लायें, अन्यथा उन्हें साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं उनकी अभ्यर्थिता स्वतः निरस्त समझी जाएगी।

5. साक्षात्कार तिथि / समय को आयोग परिसर में अभ्यर्थी अपने साथ कोई भी इलेक्ट्रोनिक उपकरण यथा मोबाईल, लैपटॉप इत्यादि अपने साथ नहीं लायें। अभ्यर्थी द्वारा लाए गए किसी भी सामान / उपकरण के लिए वे स्वयं जवाबदेह होंगे।

6. साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र डाक द्वारा अभ्यर्थियों को नहीं भेजे जाऐंगे।

7. यह सूचना आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0 / –
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
राँची